# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/5266
दिनांकः 2-9-21

## अधिसूचना

माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में वार्षिक एवं सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित ऐसे समस्त पारम्परिक एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों जिनकी परीक्षाएं वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुपालन में आयोजित नहीं करायी गयी हैं, में अध्ययनरत ऐसे छात्र/छात्रायें जिन्होंने अपना परीक्षा फार्म भर दिया है तथा परीक्षा शुल्क ऑनलाईन जमा कर दिया है को एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये परीक्षा फार्म सत्यापित कराने का अवसर दिया जा रहा है।

परीक्षा फार्म सत्यापन हेतु ऑनलाइन पोर्टल दिनांक 10.09.2021 तक खुला रहेगा। छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वह इस अवधि में अपना परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान द्वारा सत्यापित करवाना सुनिश्चित करें।

इस अवधि में कोई भी नया परीक्षा फार्म नहीं भरा जायेगा तथा किसी भी परीक्षा फार्म का परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया जायेगा।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूच्य है कि सन्दर्भित सत्यापित परीक्षा फार्मों को महाविद्यालय अपने पास सुरक्षित रखें। विश्वविद्यालय द्वारा यथासमय माँगे जाने पर सत्यापित परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

02/09/21

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ प्रेषित।
06. वयैक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
08. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल) को सूचनार्थ प्रेषित।
10. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी–रिजल्ट सैल को मात्र वही परीक्षा फार्म जो सत्यापित हैं, के छात्रों को प्रोविजनली प्रमोट करने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
11. समस्त अनुभाग प्रभारी (पूछताछ केन्द्र/सूचना पट)।
12. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
13. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही सत्यापित करने हेतु पोर्टल खोलने का कष्ट करें।
14. गार्ड फाईल–''अधिसूचना''।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

CS Scanned with CamScanner